दैनिक जागरण 21/02/2026

बहुभाषी रचनात्मक लेखन प्रतियोगिता में डिंपल रही अव्वल

अंबाला • विज्ञप्ति : गांधी मेमोरियल नेशनल कालेज अंबाला कैंट के अंग्रेज़ी विभाग द्वारा इंग्लिश लिटरेरी क्लब तथा हिंदी, पंजाबी और संस्कृत विभागों के सहयोग से रचनात्मक लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों को कहानी एवं कविता की श्रेणियों में मौलिक रचनाएं प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित किया गया।

प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में सृजनात्मकता को प्रोत्साहित करना, उनकी लेखन क्षमता का विकास करना तथा बहुभाषी अभिव्यक्ति को बढ़ावा देना था। प्रतिभागियों को अपनी प्रविष्टियां अंग्रेजी, हिंदी, पंजाबी अथवा संस्कृत भाषा में जमा करवाई, जबकि निर्णायक मंडल में डा. अमित, डा. अंशु और डा. नीना ने मूल्यांकन किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान डिंपल, द्वितीय स्थान मुस्कान, तृतीय स्थान सिमरन कौर तथा सांत्वना पुरस्कार रीतिक को प्राप्त हुआ। विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

जीएमएन कालेज में लेखन प्रतियोगिता में प्रतिभागी • विज्ञप्ति

उधर, जीएमएन कालेज आफ नर्सिंग का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। बीएससी नर्सिंग प्रथम सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम में अंजलि एवं गजलप्रीत ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त स्वाति, नैंसी, श्रुति एवं चीनू मलिक ने भी उत्कृष्ट अंक अर्जित कर उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। कालेज के प्राचार्य डा. रामलखन माली ने सभी सफल विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह परिणाम केवल अंकों की उपलब्धि नहीं, बल्कि अनुशासन, समर्पण, आत्मविश्वास और सतत परिश्रम का प्रतीक है। दूसरी ओर कालेज में शिक्षक वर्ग के बीच बैडमिंटन मैच हुए। मैच में अंपायर की भूमिका डा. सुरजीत ने निभाई। डा. अमित पहले, डा. धर्मवीर दूसरे, डा. एसके पंडे तीसरे स्थान और डा. शुभम चौथे स्थान पर रहे।